संख्या:751/2023/2100/35-4-2023/001-35-4099/42/2023

प्रेषक,

राम प्रीत राम,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बस्ती।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 28 जुलाई,2023

विषय: वित्तीय वर्ष 2023-24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के क्रम में प्राविधिक शिक्षा विभाग के प्रस्ताव के क्रम में जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र हरैया, धर्मपुर बस्ती में पॉलीटेक्निक के भवन निर्माण कार्य की त्वरित आर्थिक विकास योजना से शासनादेश संख्या-23/2020/262/35-4-2020, दिनांक 17 फरवरी, 2020 द्वारा स्वीकृति निर्गत करते हुए भवन निर्माण कार्य की अनुमोदित लागत रू0 1853.95 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त में रू0 200.00 लाख की धनराशि तथा शासनादेश संख्या-227/2021/1945/35-4-2021, दिनांक 15 नवम्बर, 2021 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू0 726.97 लाख की धनराशि तथा शासनादेश संख्या-510/2023/1197 /35-4-2023/35-4099/42/2023, दिनांक 29 मार्च, 2023 द्वारा तृतीय किश्त के रूप में रू0 463.48 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई। शासनादेश दिनांक 29 मार्च, 2023 को तृतीय किश्त के रूप में अवमुक्त रू0 463.48 लाख की धनराशि आहरित न होने की सूचना जिलाधिकारी के पत्रांक-325/क्रि0गैप्स- त्व0आ0वि0यो0 /आवंटन/2023-24, दिनांक 20 अप्रैल, 2023 द्वारा उपलब्ध करायी गयी। एतद्वारा उपर्युक्त शासनादेशों द्वारा प्रथम एवं द्वितीय किश्त के रूप में अवमुक्त कुल धनराशि रू. 926.97 लाख को समायोजित करते हुए तृतीय किश्त में अनुमन्य रू. 463.48 लाख (रूपये चार करोड़ तिरसठ लाख अड़तालिस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(लाख रू. में)

कार्य	अनुमोदित लागत	पूर्व में अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त की जा रही धनराशि
राजकीय पॉलीटेक्निक,धर्मपुर,हरैया, बस्ती का भवन निर्माण कार्य	1853.95	926.97	463.48

1. सन्दर्भित शासनादेश दिं0 17 फरवरी, 2020, दिनांक 15 नवम्बर, 2021 की शर्तें यथावत लागू रहेंगी।
2. इस शासनादेश से परियोजना हेतु अनुमोदित लागत एवं जी0एस0टी0 के सापेक्ष पूर्ण धनराशि अवमुक्त हो जाती है। परियोजना हेतु अब कोई धनराशि देय नहीं होगी। परियोजना को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी
3. प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।
4. परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।
5. स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चिमत किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2024 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2024 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

6. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2024 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।
7. वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक-17 मार्च, 2023 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रू. 4,63,48,000/- (रूपये चार करोड़ तिरसठ लाख अड़तालिस हजार मात्र) को वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय व्ययक के अनुदान संख्या-40 के लेखाशीर्ष-4202021040302 राजकीय पॉलीटेक्निक के भवन निर्माण के चालू कार्य-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक-17 मार्च, 2023 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(राम प्रीत राम)
उप सचिव।

संख्या:751/2023/2100(1)/35-4-2023/001-35-4099/42/2023 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी ।
7- मण्डलायुक्त, बस्ती।
8- निदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, कानपुर, उत्तर प्रदेश।
9- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, विश्वसरैया भवन, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
10- मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती।
11- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, बस्ती।
12- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5।
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, बस्ती।
14- अपर परियोजना प्रबन्धक, बस्ती इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, बस्ती।
15- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(राम प्रीत राम)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।